राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : चौथी **विषय : पर्यावरण**

PAPER CODE: 4041 **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खंड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खंड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खंड 'अ' (अंक 05)

LO – E 407 - अतीत और वर्तमान की वस्तुओं तथा गतिविधियों में अंतर करते हैं। उदाहरण के लिए परिवहन, मुद्रा, आवास, पदार्थ, उपकरण खेती, भवन–निर्माण के कौशल आदि।

गतिविधि 01

गतिविधि का नाम – संग्रहालय बनाना

उद्देश्य – अतीत एवं वर्तमान की वस्तुओं का संग्रहण एवं तुलना करना।

क्या करें –

1. घर में पुरानी वस्तुओं जैसे प्राचीनकालीन गहने, सिक्के, पुराने घरों के नमूने (चित्र), वाहन, खेती के सामनों का संग्रह बच्चों से करवाएँ।
2. वर्तमान में प्रचलित गहने, सिक्के, नोट, वर्तमान के घरों के नमूने (चित्र), वाहन, खेती के सामान, घरों की बनावट से संबंधित चित्र बच्चों से एकत्र करवाएँ।
3. इन वस्तुओं को कक्षा में संग्रहालय का स्वरूप देते हुये लगायेंगे और अतीत एवं वर्तमान की वस्तुओं, के चित्रो पर तुलना आधारित बच्चों से प्रश्न पूछें।

गतिविधि 02

गतिविधि का नाम – घरों का मॉडल बनाना

आवश्यक समग्री :– थर्मोकोल, कागज के गत्ते पुट्ठा आदि (आवश्यकतानुसार)

क्या करें –

1. विभिन्न प्रकार के घरों का मॉडल तैयार करना।

2. बच्चों को कोई एक जैसे बर्फ का घर (इग्लू), बाँस का घर, झोपड़ी, कच्चा घर, पक्का घर, फ्लैट आदि के मॉडल बनवायें एवं बच्चों से घरों की उपयोगिता पर आधारित प्रश्न पूछें।

गतिविधि 03

गतिविधि का नाम – गहने (आभूषण) बनाना

आवश्यक सामग्री – सिल्वर पेपर, कागज, मोटा कागज, शादी के पुराने कार्ड या ड्राइंगशीट, फेविकोल (आवश्यकतानुसार वस्तुएँ) आदि।

क्या करें –

1. छ.ग में प्राचीन समय में उपयोग किये जाने वाले गहनों (आभूषणों) के कुछ नमूने बनवायें जिनका आपने अपने घर में उपयोग होते देखा है।

   जैसे– रुपया, सूता, करधन, ऐंठी, पहुँची आदि।

2. गहनों से संबंधित बच्चों से प्रश्न पूछें।

खंड 'ब' (अंक 05)

LO – E 408 - जंतुओं, चिड़ियों, पौधों, वस्तुओं, अनुपयोगी पदार्थों को उनके अवलोकन योग्य लक्षणों के आधार पर समूह में बाँटना (स्वरूप, कान, बाल, चोंच, दांत, त्वचा की प्रकृति, सतह) प्रवृत्ति (पालतू/जंगली फल/सब्जी/दालों/मसालों) उपयोग (खाने योग्य, औषधी संबंधी, सजावट संबंधी अन्य उपयोग, पुनः उपयोग लक्षणों (गंध, स्वाद, पसंद आदि के आधार पर समूहों में बांटता है।

गतिविधि 04

गतिविधि का नाम – वाहन की अपनी आवाज

उद्देश्य –

1. विभिन्न प्रकार के वाहन की आवाज पहचानना एवं नकल करना।
2. निर्देशों के आधार पर समूह में आवाज निकालना और खेल करना।

क्या करें –

1. कक्षा में बच्चों से नीचे लिखी आवाजें निकालने को कहें।

- पटरी पर चलती रेलगाड़ी की आवाज
- कार का हॉर्न
- साइकिल की घंटी
- उड़ता हवाई जहाज
- पुलिस की गाडी का सायरन

(शिक्षक अपने अनुसार परिवर्तन कर सकते है)

2. अब 5 – 5 बच्चों को समूहों में बांट दें और हर समूह को वाहन की आवाज निकलने को कहें।

3. वाहन से निकलने वाली आवाज का कारण बच्चों से पूछें।

गतिविधि 05

गतिविधि का नाम – पक्षियों की आवाज निकालना

क्या करें–

1. कक्षा में बच्चों को विभिन्न पक्षियों के आवाज की पहचान करवायें एवं नकल करवायें।

जैसे – तोता – टें–टें,

कोयल – कुऽऽ कूऽऽ

कबूतर – गुटर गूं

बतख – क्वैक–क्वैक

कौआ – कॉंव– कॉंव

2. पक्षियों की आवाज निकालते हुए अभिनय करवायें।

गतिविधि 06

गतिविधि का नाम – अपना टेलिफोन बनाओ

उद्देश्य –

1. टेलिफोन का उपयोग समझना।

2. आवाज का एक स्थान से दूसरे स्थान तक गमन के कारणों को समझना।

आवश्यक समग्री –

माचिस का खाली डिब्बा, धागा, कैंची आदि।

क्या करें –

1. माचिस के दो खाली खोखे और 10 –15 फीट का लंबा धागा लें।

2. इन धागों के दोनों छोरों को एक–एक करके दोनों माचिस के अंदर वाले खोखे में छेद बनाकर गठान लगाकर बांध दे।

3. बच्चों को सुनने की क्रियाविधि करने दें तथा आवाज से संबंधित प्रश्न बच्चों से पूछें।

सावधानिया – धागा हमेशा तनाव में होना चाहिये।